# ‘कार्यकर्ता एकजुट होकर जिले में पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान करें’




जैन गेस्ट हाउस में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

**चूरू** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने मंगलवार को जैन गेस्ट हाउस में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्राज खीचड ने की।

इस अवसर पर राव ने कहा कि बैठक का उद्देश्य कांग्रेस को जमीनी स्तर तक मजबूत करना व कार्यकर्ताओं को आमजन के बीच गतिशील करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का संदेश ब्लॉक, नगर, मंडल, ग्राम पंचायत, बूथ कांग्रेस कमेटियों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान पार्टी में मिलेगा और जो कार्यकर्ता निष्क्रिय हैं, उनको बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर जिले में पार्टी और संगठन को मजबूत कर जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर बूथ स्तर तक बैठक लेकर पार्टी का फीडबैक लिया जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व बीकानेर संभाग प्रभारी जगदीश जांगिड ने कहा कि हमें चूरू जिले में कांग्रेस के प्रति समर्पित व निष्ठावान कार्यक्रताओं को आगामी कमेटियों एवं कार्यकारिणिओं में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जायेगा। जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड ने कहा कि हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत करना होगा। राज्य व केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जन के बीच पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने ब्लॉक व मंडल की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया जायेगा।

पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया ने कहा कि हम सबको संकल्पबद्ध होकर आगामी नगर परिषद, पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। इस अवसर पर पीसीसी प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानू खान बुधवाली, पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया, तारानगर प्रधान संजय कस्वां ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रद्युम्न सिंह राठौड, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, तारानगर नगर पालिका चेयरमैन प्रियंका बानो, आदूराम न्यौल, मुस्ताक खान, गोविन्द महनसरिया, रामजीलाल शर्मा, नारायण बालाण, रमजान खां, रामप्रताप कांटिवाल, शिवकुमार शर्मा, रियाजत खान, रामेश्वर प्रजापति, जमील चौहान, ताराचंद सारण, डॉ. प्रमेन्द्र सिहाग, श्रवण बसेर, किशानाराम बाबल, सोहनलाल मेघवाल, हमीद रिसालदार, उम्मेद सिंह, रामनारायण व्यास, इस्लाम खान, अनूप कुमार लुगरिया, लालचन्द खीची, गन्नी मोहम्मद, सुरेन्द्र सहारण, विजयपाल भुवाल, विधाधर बेनीवाल, करतार सिंह, जैसाराम प्रजापत, विनोद खटीक, दिनेश रोयल, नरपत गोदारा, बुल्लेशाह, नरेन्द्र बेनिवाल, विकास कडवासरा, सीताराम प्रजापत, विकास मील, हेमन्त सिहाग, सोयल खान, अब्दुला कुरेशी, अली मोहम्मद भाटी, रामावतार मंगलहारा, तरूण कुमार, अरविन्द चाकलान, दलीप कुमार, सुरेन्द्र हुड्डा, गिरधारी, रणजीत खौथ, विक्रम सिंह, विकास बुडानिया, रामकरण गुलेरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन व अनवर कुरैशी ने किया।

## सार-समाचार

### विद्यालय को लेपटॉप प्रदान किया

**रतनगढ़** (निसं)। नगर के राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को आयोजित समारोह में समाजसेवी महेंद्र कुमार तातेड़ ने विद्यालय को एक लेपटॉप प्रदान किया। संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दानदाता महेंद्र कुमार तातेड, मोतीलाल तातेड, मदनलाल तातेड, निर्मला देवी तातेड़ और सीताराम शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। इस मौके पर विद्यालय ने दानदाता तातेड़ का माल्यार्पण, साफा और अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार तातेड़ ने कहा कि शिक्षा ही विकसित समाज का आधार स्तंभ है । वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर और इंटरनेट का उपयोग समय की मांग है। उल्लेखनीय है कि भामाशाह महेंद्र कुमार तातेड़ रतनगढ़ शहर में जैन संतों के लिए करोड़ों की लागत से आदिनाथ भवन का निर्माण भी करवा रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मोतीलाल तातेड़, निर्मला देवी तातेड़ और सीताराम शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए । उप प्राचार्य राजेंद्र कुमार ने शाब्दिक स्वागत किया तथा प्राचार्य विक्रम सिंह चौहान ने तातेड़ परिवार का आभार व्यक्त किया । अतिथियों का व्याख्याता मधुबाला टेलर, सुबेसिंह जाखड़, एसएमसी अध्यक्ष ओमप्रकाश गाडगिल, मनीराम पंवार, पन्नालाल नवल, हनुमान प्रसाद गाडगिल, भंवरलाल गाडगिल, खेताराम गाडगिल, रूपाराम रैगर, शिक्षक रमजान खां, शुभकरण दायमा, संतोष शर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रियंका गर्ग, चंदा सोनी, गणेश शर्मा, असलम खान, सुशीला गाडगिल, संपत मीणा, उर्मिला चौधरी सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

### जुआ के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा पुलिस ने देर शाम को जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 31 हजार रुपए बरामद किए हैं। थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली थाना क्षेत्र के बसई नदी के पुलिया के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इस दौरान एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने बसई नदी पुलिया के नीचे पर दबिश देकर चंदपुरा अटेली निवासी रोहित पुत्र तेज प्रकाश, अभिषेक पुत्र सज्जन सिंह को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके पास 31 हजार रुपए नकद तथा ताशपत्ती पाई गई। जब पुलिस ने उनसे पुछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास मिले रूपए जब्त कर लिए। थानाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भजनाराम, एचसी शीशराम, कांस्टेबल रोहिताश, कपिल कुमार, रमेश आदि शामिल थे।

### फाग उत्सव का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों का दशकों से परम्परागत भावो से जीवंत बनाये रखने की अग्रणी संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से होली पर्व के उपलक्ष में 4 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित विष्णु धर्ड के मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना व नगाड़े की थाप के साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष किशोरीलाल बील ने श्री गणेश किया। इस अवसर पर बनवारीलाल बील, सुभाष वर्मा, सुरेन्द्र नोहाल, भगवती प्रसाद माली, रामोतार नोखवाल, गोविंद सोनी, पवन सोनी, मयंक नोहाल व विक्रम स्वामी के गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में फाल्गुनी रंग रसीयो साथियो द्वारा फाल्गुनी गीतों के साथ रोचक सांस्कृक्तिक प्रस्तुतियां ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया। इस अवसर पर बनवारीलाल महरीवाल,मुरलीधर मंडगिरा, वरिष्ठ पत्रकार पवन माटोलिया, हीरालाल नोहाल, गणेश सोनी, केशव पुरोहित, अनूप पीपलवा, बलदेव मिटावा, संतोष सोनी, धीरज नोहाल, गोपाल सोनी, कैलाश पिपलवा, भागीरथ पीपलवा, भीवराज सोनी, चांद रिणवा, रमेश चोटिया, रामरतन सोनी, बनवारीलाल सोनी,महेश व्यास व पंकज जोशी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। मंच संचालन समारोह के सयोंजक अशोक वर्मा ने किया।

### ग्राम पंचायत हसामपुर में परिंडे लगाए

**पाटन** (निसं)। भीषण गर्मी में पक्षियों को जल संकट से बचाने के लिए ग्राम पंचायत हसामपुर के हनुमान वाटिका धाम पर पानी के परिंडे लगाए गए। इस पुनीत कार्य का आयोजन हनुमान वाटिका के सेवक यज्ञाचार्य मनोज शर्मा के सानिध्य में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत हसामपुर के प्रशासक प्रतिनिधि राकेश सिंह, ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य पक्षियों को राहत पहुंचाना और ग्रामीणों को बेजुबान प्राणियों की सेवा के प्रति जागरूक करना था। ग्रामवासियों ने इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। प्रशासक प्रतिनिधि राकेश सिंह ने सभी ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने घरों के आसपास पक्षियों के लिए पानी और चुग्गे की व्यवस्था करें। साथ ही, उन्होंने प्रतिदिन परिंडे में जल भरने का संकल्प लेने की भी अपील की।इस सराहनीय कार्य से न केवल पक्षियों को राहत मिलेगी, बल्कि मानवता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ेगी।

### फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नवलगढ़,** (निसं)। कस्बे में राधा-रानी ग्रुप की ओर से फागोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिलाओं ने कान्हा संग जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम में वृंदावन जैसा माहौल हो गया। वहीं फागोत्सव में कृष्ण और राधा रूप की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सतीश सोनी, विशाल पंडित, दिनेश कुमार सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रसाद वितरण किया गया। मंजुला रूंथला भगवान केशव के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई। इस मौके पर भगवती मोयल, बबिता सोनी, नीतू जांगिड़, रेखा शर्मा, शारदा पारीक, संतोष तिवाड़ी, पूजा जांगिड़, मधु कच्छावा, कविता सोनी, माया सोनी, माया जांगिड़, मीनू जांगिड़, ममता सोनी, राजश्री शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### गुर्जर राष्ट्रीय संगठन सचिव बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। आल इंडिया नेशनल अवार्डीज एशोसिएशन (आइना) की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। आइना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश गौतम ने झुंझुनूं के विकास गुर्जर खेतड़ी को राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर और अजमेर से रविंद्र कश्यप रिटायर्ड रेलवे को राज्य समन्वयक पद पर नामित किया है। गुर्जर महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के द्वारा 2015-16 में सम्मानित हुए है और स्काउट गाइड व सामाजिक क्षेत्र में अनेक बार जिला स्तर व राज्य स्तर पर सम्मानित हो चुके है और कश्यप 1988 में महामहिम राष्ट्रपति आर वेंकटरमन से सम्मानित हुए है। कश्यप रेलव से रिटायर्ड है। इस अवसर पर आईना संस्थापक विपिन सोलंकी, राष्ट्रीय समन्वयक राशिद जुनैद, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका बहल, बिहार राज्य समन्वयक रहमतुल्लाह, गोलू शर्मा, लक्ष्मी तिवारी, रवि जादम, डॉ. सर्वेश तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी।

### मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के राज्य समिति सदस्य कामरेड राजबीर कुलडिया, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष कामरेड शीशराम गोठवाल, झुंझुनूं जिला महामंत्री कामरेड मनफूल सिंह रायपुर जाटान, कामरेड नरेंद्र सिंह व कामरेड दलीप कुमार ने जिला श्रम कल्याण अधिकारी झुंझुनूं की अनुपस्थिति में जिला श्रम कल्याण अधिकारी के नाम श्रम निरीक्षक प्रशांत झाझड़िया को ज्ञापन देकर निर्माण मजदूरों के नए पंजीयन कार्डों व नवीनीकरण के लिए अपलोड किए गए। पंजीयन कार्डों को जारी करने, एक वर्ष से ज्यादा समय से शिक्षा सहायता (छात्रवृत्ति) के आवेदन पत्रों को जांचकर तुरंत भुगतान करने की मांग की।

### सड़क पुनःनिर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने ग्राम घरड़ाना खुर्द से ग्राम ढाणी बाढान सड़क जगह जगह से टूट जाने के कारण आवागमन के योग्य न होने के कारण उसके पुनर्निर्माण के लिए अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं व अधिशाषी अभियंता चिड़ावा सार्वजनिक निर्माण विभाग को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क का गारंटी पीरियड भी कभी का निकल चुका है। सड़क जगह जगह से खंडित हो चुकी है। आवागमन के योग्य बनाने के लिए सड़क का तुरंत पुनर्निर्माण करवाया जाए।

### जागृति कार्यक्रमों का शुभारंभ

**झुंझुनूं,** (निसं)। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर झुंझुनूं में उपभोक्ता संगोष्ठी का आयोजन हुआ। शहर की अनंत पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएसओ निकिता राठौड़ थी। अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समिति के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हीरालाल शर्मा, शिवचरण पुरोहित, महासचिव ललित जोशी, सचिव संदीप गोयल, समिति के झुंझुनूं पंचायत समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़ खाजपुर, झुंझुनूं नगर अध्यक्ष दयाशंकर अरड़ावतिया, चिड़ावा नगर अध्यक्ष मुकेश सैनी, मनोहरलाल धूपिया, गिरधर गोपाल महमिया मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाडी ने उपस्थित जनों का आ ान करते हुए कहा की उपभोक्ता आंदोलन को सफल बनाना है तो आम उपभोक्ता को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने डिब्बाबंद उपभोग सामग्री को खरीदते समय क्वालिटी, एक्सपायरी डेट व मूल्य देखकर खरीदने की बात कही।

## नीमकाथाना जिला हटाने के विरोध में धरना जारी

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत मावण्डा कलां में मंगलवार को क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया और जल्द से जल्द नीमकाथाना को जिला बनाए जाने की मांग की। इस आंदोलन में महावीर प्रसाद सैनी, सावतराम गुर्जर, हजारीलाल सैनी, प्रकाश गुर्जर, छाजूराम गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, गोविन्द सिंह, रामकिशन सहित कई लोगों ने भाग लिया। वहीं, गीता सैनी, आनंद कुमार, प्रदीप सैनी, बिजेश सैनी, फौजी गुर्जर, पिंटू नाथक, हीरालाल, मनजीत नायन, सुरेश सैनी, विशम्बर दयाल सैनी और राधेश्याम शर्मा ने धरने को अपना समर्थन दिया।

**सरकार के फैसले के खिलाफ बढता आक्रोशः-** धरने के दौरान जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य बसंत यादव, राजेंद्र आर्य और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर भी मौजूद रहे। मावण्डा कलां सरपंच महावीर प्रसाद सैनी ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इस मुद्दे पर उचित निर्णय नहीं लिया तो पूरे सीकर संभाग में असंतोष की भावना और बढेगी। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि यह फैसला प्रशासन की नकारात्मक छवि को मजबूत करेगा, जिससे राजनीतिक नुकसान भी हो सकता है।

पूर्व सरपंच बसंत यादव ने सरकार पर अन्यायपूर्ण निर्णय लेने का आरोप लगाया और कहा कि जनता इस फैसले से नाराज है। उन्होंने कहा, "वर्षों से नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग की जा रही थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। अब जनता सड़कों पर उतरकर अपना हक मांग रही है।'

धरने में गीता सैनी ने भी अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार नीमकाथाना को जिला बनाए जाने के मापदंडों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा, "अगर सरकार हमें यह नहीं बता सकती कि किन कारणों से जिला निरस्त किया गया, तो यह दर्शाता है कि फैसला राजनीतिक कारणों से लिया गया है।"

विरोध प्रदर्शन में लगातार बढती भीड को देखते हुए आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि यदि जल्द ही सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो यह विरोध और उग्र होगा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक नीमकाथाना को जिला घोषित नहीं कर दिया जाता।

**सरकार के फैसले पर पुनर्विचार की मांगः-** आंदोलनकारियों ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थानीय लोग भी सरकार के इस फैसले को अन्यायपूर्ण मान रहे हैं और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए था।

## एनआरडीडी स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। नौरंगराम दयानंद ढूकिया शिक्षण संस्थान की वार्षिक स्पोर्टस मीट 2025 का समापन समारोह को सौहार्द के बीच खुबसूरती से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, असिसटेंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी डॉ. प्रवीण पूनियां, जिला उप निदेशक आयुर्वेद विभाग जितेंद्र स्वामी, प्राचार्या नीतू न्यौला की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान निदेशक दयानंद सिंह ढूकिया ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कलेक्टर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा छात्र-छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभाओं का पता चलता है व नर्सिंग एक ऐसा व्यवसाय है। जो समाज की सेवा का मौका देता है व झुंझुनूं की महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है व नर्सिंग छात्र-छात्राएं हर जिले में सेवाएं प्रदान कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने बताया कि यह झुंझुनूं जिले का सबसे बडा नर्सिंग संस्थान है। जिसमें नर्सिंग के अलावा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। संस्थान सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से स्टेट टॉपर छात्र मोहित को लैपटॉप, मोमेंटों व प्रशस्ति पत्र व अमनदयाल को सर्वोच्च खिलाडी का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा दर्शाया गया। एकेडमी डायरेक्टर सुनिता ढूकिया ने बताया कि खेलकूद व सांस्कृतिक साप्ताहिक कार्यक्रम का कैप्टन व अतिथियों के द्वारा मशाल बुझाकर कार्यक्रम का समापन किया गया व सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया।

### बैठक का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक जारी सभी प्रकार की बजट राशि के व्यय एवं शेष राशि पर विस्तृत चर्चा करने के लिए स्काउट गाइड कार्यालय स्थित सभा भवन में एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसूईया ने संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के अब मात्र पंद्रह दिन बचे हैं। जिनमें से मुश्किल से दस कार्य दिवस उपलब्ध रहेंगे। इसलिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी इस प्रकार से योजना बनाएं कि परिषद द्वारा जारी की गई समस्त गतिविधियों से संबंधित राशि का शत प्रतिशत व्यय किया जा सके। उन्होंने बताया कि कुछ ब्लॉक्स की प्रगति बहुत कम है। जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। एपीसी कमलेश तेतरवाल ने समसा के समस्त कम्पोनेंट्स की समस्त गतिविधियों की एक-एक कर चर्चा करते हुए सभी ब्लॉकों के द्वारा अब तक व्यय की गई राशि तथा शेष राशि के बारे में अवगत कराया।

## चार दिवसीय फागोत्सव का शुभारंभ




श्री श्याम ढप मंडली सुभाष चौक की ओर से सारडों के नोहरे में फागोत्सव का शुभारंभ हुआ।

**चूरू** (निसं)। श्री श्याम ढप मंडली सुभाष चौक की ओर से सारडों के नोहरे में आयोजित चार दिवसीय फागोत्सव का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश राजोतिया थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेंद्र चौबे, कृष्ण कुमार महर्षि व विनोद कुमार हारित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने गणेश वंदना कर व चंग बजाकर किया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का माल्यांपण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामावतार लोहिया, महेश हारित, राजेंद्र ठठेरा, राजेंद्र चौबे, हेमंत हारित, हरी मोहता, अवधेश हारित, संदीप पाटिल, इंद्र पुरोहित, सोहन शर्मा, डूंगरमल, जगदीश प्रसाद, निरंजन सेन आदि ने एक से बढ़कर एक धमालों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गायक कलाकार सोनू हारित, रूपेश टिमटिमियां, पंकज ओझा व सौरभ ओझा ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियां से कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर दीनदयाल सैनी, सुशील लाटा, राधेश्याम जांगिड़, सचिन जांगिड, शंभू दयाल शर्मा, महेश मिश्रा, योगेश गौड़ सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### जैन मुनियों का आशीर्वाद लिया

**पाटन** (निसं)। संत शिरोमणि आचार्य पर्ववर परम पूज्य 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावी शिष्य, अर्हम योग प्रणेता एवं प्राकृत भाषा रचयिता परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज सहसंग के पाटन आगमन पर श्रद्धालुओं में अद्भुत उत्साह देखा गया। कस्बे के सैकड़ों श्रद्धालु स्वर्गीय सेठ छोटेलाल की धर्मशाला पहुंचे और जैन मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनि श्री चातुर्मास के दौरान जयपुर स्थित मीना मार्ग पार्श्वनाथ मंदिर में विराजमान थे और अब 9 से 13 अप्रैल तक दिल्ली के महरौली में आयोजित श्री भगवान महावीर महामस्तकाभिषेक महोत्सव के लिए सीकर, नीमकाथाना, पाटन, नारनौल, रेवाडी होते हुए दिल्ली जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान पाटन में उनके आगमन की सूचना मिलते ही नगरवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और धर्मशाला में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर जैन मुनि पिंडम सागर और चुलक जी भी उपस्थित रहे। वहीं, नारनौल से राजकुमार जैन (प्रधान, नारनौल), नरेश कुमार, राजकुमार, प्रमोद कुमार, महावीर प्रसाद सहित कई श्रद्धालु पहुंचे। आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में दिलीप गोयल, ओमप्रकाश गुप्ता, धीरेंद्र स्याणा, सुनील गुप्ता, राजू शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मनोज गुप्ता, गिरधारी सेठ, प्रहलाद कंपाउंडर, सीताराम गुर्जर, विजय धानका, ओमी सैनी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। जैन मुनियों के दर्शन और आशीर्वाद से श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक उत्साह देखने को मिला।

### पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाने की मांग

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड केसुनारी गांवमें टंकी क्षतिग्रस्त होने से पेयजल की समस्या का सामना करना पड रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पेयजल आपूर्ति करवाने की मांग की है। एसडीएम मुकेश चौधरी को ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत नौरंगपुरा के सुनारी गांव में एक माह पहले पानी की टंकी क्षितग्रस्त होकर गिर गई। टंकी गिर जाने के बाद गांव में पानी की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद हो गई। समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से जलदाय विभाग को अवगत भी करवाया गया, लेकिन जलदाय विभाग ने गांव में पानी की सप्लाई को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पानी की सप्लाई नहीं की जाने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।समस्यासे परेशान होकर कुछ ग्रामीण टैंकरों से पानी डलवा कर पानी की पूर्ति कर लेते हैं, लेकिन गरीब परिवारों को दो-तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। विभाग द्वारा नियमित रूप सेपेयजलकी सप्लाई नहीं करने से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। समस्या को लेकर जब ग्रामीणों की ओर सेसंबंधित अधिकारियों से सम्पर्क किया जाता है तो अधिकारियों की ओर से संतुष्ट जवाब नहीं दिया जाता है।ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्दपेयजलसमस्या का समाधान नहीं किया तो मजबूरन ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच ताराचंद भावरिया, ग्यारसी लाल मेहरा, बिड़दीचंद, सरदार सिंह नेहरा, चैनाराम नेहरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### बाबा श्याम के लक्खी मेले का समापन

**सीकर** (निसं)। खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के 12 दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले का समापन मंगलवार को बाबा खाटूश्याम की भोग आरती व निशान चढ़ाने के बाद हुआ। हर साल की तरह इस बार भी बाबा श्याम के मंदिर पर सूरजगढ़ का प्रसिद्ध निशान चढ़ाया गया। मंगलवार को द्वादशी होने के कारण बाबा श्याम को परंपरागत रूप से खीर चूरमे का भोग लगाया गया और मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। बाबा श्याम की भोग आरती के बाद लक्खी मेले के समापन की औपचारिक घोषणा श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से की गई। जिसके बाद भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर वापस अपने घरों को लौटने शुरू हो गए। वहीं हजारों श्याम भक्त बाबा श्याम के साथ होली खेलने के लिए श्याम नगरी में रुके हुए हैं और होली के बाद ही खाटू धाम से रवाना होंगे। खाटू में फाल्गुनी लक्खी मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित किया गया था। इस बार देशभर से 22 लाख से ज्यादा भक्तों ने खाटू नरेश के निज मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। जिला प्रशासन, मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय, पुलिस प्रशासन की ओर से इस बार श्याम भक्तों के लिए सुरक्षा और सुविधा व दिव्यांगजनों के सुगम दर्शन के लिए माकूल प्रबंध किये गये थे। श्रृदालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में इस बार अधिक पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था, साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्याम श्रृदालुओं के लिए मेडिकल टीमों का भी सराहनीय सहयोग रहा। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी भक्तों की सुविधा और सहायता के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई थी।

### ढाँढ़ण धाम में 20वां फागोत्सव 14 को

**चूरू** (निसं)। श्री ढाँढण शक्ति भक्त मण्डल चूरू की ओर से 20वां फागोत्सव होली के चंग दादीजी के संग का आयोजन 14 मार्च 2025 शुक्रवार (धुलण्डी) को निकटवर्ती ग्राम ढाँढ़ण के शक्ति मंदिर में होगा। कार्यक्रम में आकोला की मुख्य गायक नेतल शर्मा, डब्बु शर्मा व कोलकता के मूलचन्द बजाज अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। मण्डल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली से 1000 किलो पुष्प फूलो की होली के लिये मंगवाए हैं। बंगाल के कारीगरों द्वारा असली फूलों से दादीजी का श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम में फूलों की हाली, छप्पन भोग, चुनड़ी उत्सव, गजरा उत्सव, मेहन्दी उत्सव मुख्य आकर्षण होगें। कार्यक्रम में चूरू, लक्ष्मणगढ़, सादुलपुर, तारानगर, जयपुर व रतनगढ़ सहित देश के कई शहरों से भक्त आयेंगे। श्री ढ़ाँढ़ण शक्ति भक्त मण्डल के पदाधिकारियों ने बताया कि चूरू से सांय 04:15 बजे गढ़ चौराहे से बस व्यवस्था ढाँढण धाम के लिये रहेगी। मण्डल के सदस्यों ने सभी प्रेमियों से ढाँढण आने का आग्रह किया।

### होली खेली

**चूरू** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार, अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. हनुमान जयपाल, उप प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र सक्सेना, डॉ. बजरंग शर्मा, ताराचंद, विनोद कुमार, राहुल शर्मा, संदीप धौलपुरिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य दयानंद बुडानिया, रविंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### एक दिवसीय शिविर आयोजित

**सीकर** (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता पाण्डेय द्वारा स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मधु सूदन जांगिड, माधुरी कुमावत तथा समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महिला दिवस मनाया

**कोलसिया,** (निसं)। कोलसिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं का सम्मान किया गया। महिला अधिकारी लीला चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विक्रम कस्वां, सरपंच कांता पारीक, प्रशांत आलड़िया, सुनील गोदारा, नवीन आदि मौजूद रहे।

### श्याम बाबा का फागोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। वार्ड नंबर एक के रामादेवी महर्षि भवन में श्याम बाबा का फागोत्सव मनाया गया। बाबा श्याम की आरती के समय फूलों से बरसात की गई। चूरमे का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान धमाल और राजस्थानी भजनों के साथ फागोत्सव मनाया गया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :-एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-

**-:आपत्ति सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता रानी पत्नी श्री अनिल कुमार जाति जाट निवासी धन्नासर ने आवेदन कर अपने क्रयशुदा आवासीय भूखंड सेक्टर आईडीएसएमटी योजना नियर सिंचाई कॉलोनी भूखंड संख्या 32 साईज 30 गुणा 64 का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार के नाम से साईज 30 गुणा 64 फुट का जारीशुदा है। श्रीमती मंजू देवी उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 17.10.2024 को श्रीमती ममता रानी पत्नी श्री अनिल कुमार जाति जाट निवासी धन्नासर को बेचान कर दिया। अतः अपने क्रयशुदा आवासीय भूखंड का नामान्तरण प्रार्थीया पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**